परीक्षण पुस्तिका सं.

**Subject : HINDI**
**Code : 102 H**

परीक्षण पुस्तिका कोड

# C

**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

| निर्धारित समय : **45** मिनट | अधिकतम अंक : **200** | कुल प्रश्न : **50** | उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **40** |
|---|---|---|---|

**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **50** प्रश्न हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **40** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 40 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड C** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **16** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________

आवेदन संख्या (अंकों में) : ____________________

अनुक्रमांक (अंकों में) : ____________________

परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________ निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________

केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर : ____________________

1. "न रहेगी बाँस न बजेगी बाँसुरी" लोकोक्ति का सही अर्थ है :

(1) मूल कारण को जड़ से नष्ट करना

(2) पेड़ को जड़ से उखाड़ना

(3) बाँस को जड़ से समाप्त करना

(4) बाँस और बाँसुरी तोड़ना

2. "कूद-कूद मछली बगुले को खाय" लोकोक्ति का अर्थ है :

(1) बिना बल कोई काम करना

(2) बिल्कुल विपरीत काम होना

(3) बगुला कूद-कूद कर मछली को खाता है

(4) सब दिन एक जैसे नहीं होते

3. "अध्यक्ष" शब्द में कौन-सा उपसर्ग निहित है ?

(1) अध

(2) अक्ष

(3) अधि

(4) अध्य

4. नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* विशेषण एक ऐसा विकारी शब्द है, जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है।

*कथन II :* विशेषण के प्रयोग से जिस संज्ञा का गुण अथवा धर्म प्रकट होता है, उस संज्ञा को वैयाकरण विशेष्य कहते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और II दोनों सही हैं

(2) कथन I और II दोनों ग़लत हैं

(3) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है

(4) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**5.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I कारक | सूची-II विभक्तियाँ |
|---|---|
| (A) अपादान | (I) के लिए, वास्ते |
| (B) करण | (II) से |
| (C) संप्रदान | (III) का, की, के |
| (D) संबंध | (IV) से, द्वारा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(2) (A) - (II), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (I)

(3) (A) - (II), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

**6.** "श्याम घर आना चाहता है" वाक्य में कौन-सी क्रिया है ?

(1) इच्छा बोधक

(2) आवश्यकता बोधक

(3) अभ्यास बोधक

(4) निश्चय बोधक

**7.** "हंस दूध और पानी को अलग कर देता है" वाक्य में अव्यय की पहचान करें :

(1) को

(2) कर

(3) और

(4) है

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**8.** स्वर-संधि के कितने भेद होते हैं ?

(1) तीन

(2) चार

(3) छह

(4) पाँच

**9.** "श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।
बरनौ रघुवर विमल जस, जो दायक फल चार ।।"
इन पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग किया गया है ?

(1) सोरठा

(2) कुंडलिया

(3) बरवै

(4) दोहा

**10.** "पसेरी" शब्द में कौन-सा समास निहित है ?

(1) कर्मधारय

(2) तत्पुरुष

(3) द्विगु

(4) द्वंद्व

**11.** नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* जहाँ किसी शब्द का प्रयोग एक बार हो, किंतु अर्थ भिन्न-भिन्न होता हो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

*कथन II :* जहाँ कोई शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हो, किंतु उसका अर्थ अलग-अलग हो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और II दोनों सही हैं

(2) कथन I और II दोनों ग़लत हैं

(3) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है

(4) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**12.** "लेवत मुख में घास मृग, मोर तजत नृत जात।
आँसू गिरियत जर लता, पीरे-पीरे पात ॥"
उक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(1) भ्रांतिमान

(2) अतिशयोक्ति

(3) यमक

(4) श्लेष

**13.** नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* भरत मुनि ने 'नाट्यशास्त्र' में कुल आठ रसों का वर्णन किया है।

*कथन II :* रस के चार प्रमुख अवयव माने गए हैं – स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारी अथवा संचारी भाव।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और II दोनों सत्य हैं

(2) कथन I और II दोनों असत्य हैं

(3) कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है

(4) कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा विपरीतार्थक शब्द युग्म सही ***नहीं*** है ?

(1) तामसिक – सात्त्विक

(2) चिरंतन – नश्वर

(3) गुण – सद्गुण

(4) कृतज्ञ – कृतघ्न

**15.** निम्नलिखित संज्ञाओं में से पुल्लिंग की पहचान कीजिए :

(A) घटा

(B) काँच

(C) नृत्य

(D) कक्षा

(E) दीपक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल (A), (B), (C) और (E)

(2) केवल (B), (C) और (D)

(3) केवल (B), (C), (D) और (E)

(4) केवल (B), (C) और (E)

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**16.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I**<br>**शब्द** | **सूची-II**<br>**पर्यायवाची** |
|---|---|
| (A) अनल | (I) वायु |
| (B) अनिल | (II) अग्नि |
| (C) वसुधा | (III) पृथ्वी |
| (D) दिनकर | (IV) प्रभाकर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (I)

(2) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**17.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-से 'कमल' के पर्यायवाची ***नहीं*** हैं ?

(A) अंबुज

(B) नलिन

(C) अरविंद

(D) सुमन

(E) मुकुल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल (C), (D) और (E)

(2) केवल (D) और (E)

(3) केवल (A), (B), (D) और (E)

(4) केवल (A) और (B)

**18.** 'जो व्यक्ति अधिक बोलता है' के लिए एक शब्द है :

(1) वैशाखनंदन

(2) कौशिक

(3) व्याख्याता

(4) वाचाल

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**19.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I<br>वाक्यांश | सूची-II<br>एक शब्द |
|---|---|
| (A) जानने की इच्छा | (I) अनुपम |
| (B) जिसकी उपमा न हो | (II) बहुज्ञ |
| (C) जो बहुत जानता है | (III) जलज |
| (D) जल में जन्म लेने वाला | (IV) जिज्ञासा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)

(2) (A) - (III), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (I)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**20.** 'द्विज' का संबंध किस शब्द से ***नहीं*** है ?

(1) पक्षी (2) तक्षक

(3) चंद्रमा (4) दाँत

**21.** निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(1) आप लोग भोजन कीजिए।

(2) मैंने यह पुस्तक पढ़ी है।

(3) गाय की रंग काली है।

(4) हिंदी ने फारसी के शब्दों को यथावत ग्रहण न करके उन्हें अपनी प्रकृति के अनुरूप ढाला है।

**22.** निम्नलिखित में से देशज शब्द की पहचान कीजिए :

(1) क्षीर (2) अग्नि

(3) पुष्प (4) पगड़ी

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**23.** निम्नलिखित शब्दों में 'शुद्ध' शब्द की पहचान करें :

(1) स्वयंवर (2) स्वयमवर

(3) स्वायंवर (4) स्वायम्वर

**24.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I<br>कहानी का नाम | सूची-II<br>रचनाकार |
|---|---|
| (A) ईदगाह | (I) जयशंकर प्रसाद |
| (B) पुरस्कार | (II) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' |
| (C) तीसरी कसम | (III) प्रेमचंद |
| (D) उसने कहा था | (IV) फणीश्वर नाथ रेणु |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(2) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (IV)

(3) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(4) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (III)

**25.** निम्नलिखित कहानियों में से प्रेमचंद की कहानी कौन-सी ***नहीं*** है ?

(1) बड़े घर की बेटी (2) नमक का दारोगा

(3) ईदगाह (4) पुरस्कार

**26.** अच्छे पत्र में अधोलिखित गुण होने आवश्यक हैं :

(A) उद्देश्य

(B) दुरुहता

(C) शिष्टाचार

(D) सहजता

(E) अपेक्षित त्रुटि

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल (B), (C) और (E) (2) केवल (A), (B) और (E)

(3) केवल (A), (C) और (D) (4) केवल (B), (D) और (E)

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**27.** निम्नलिखित शब्दों में "कर्मठ" का विपरीतार्थक शब्द खोजें :

(1) जुझारू

(2) कर्मण्य

(3) अकर्मठ

(4) अकर्मण्य

**28.** प्रत्यय के कितने भेद होते हैं ?

(1) तीन

(2) एक

(3) दो

(4) चार

**29.** 'कान काटना' मुहावरे का अर्थ है :

(1) पराजित करना

(2) हानि पहुँचाना

(3) चुगली करना

(4) सबकी बुद्धि भ्रष्ट होना

**30.** निम्नलिखित में से 'इंद्र' का पर्यायवाची शब्द चुनें :

(1) देवों के देव

(2) भवानीनंदन

(3) पुरंदर

(4) देवाधिदेव

**31.** *'रामचरितमानस'* किसकी रचना है ?

(1) कबीरदास

(2) सूरदास

(3) तुलसीदास

(4) बिहारी

**32.** इनमें से कौन शब्दालंकार ***नहीं*** है ?

(1) श्लेष (2) यमक

(3) अनुप्रास (4) उपमा

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए अगले छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,

तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर;
रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सका त्रस्त
तो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त;
शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन,
छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो, रघुनंदन !
तब तक लक्ष्मण हैं महावाहिनी के नायक
मध्य भाग में, अंगद दक्षिण-श्वेत सहायक,
मैं भल्ल-सैन्य; हैं वाम पार्श्व में हनूमान,
नल, नील, और छोटे कपिगण–उनके प्रधान;
सुग्रीव, विभीषण, अन्य यूथपति यथासमय
आयेंगे रक्षा हेतु जहाँ भी होगा भय।"

**33.** नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* पद्यांश के अनुसार, रघुनंदन का आशय राम से है।

*कथन II :* महावाहिनी के नायक सुग्रीव हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और II दोनों सही हैं

(2) कथन I और II दोनों ग़लत हैं

(3) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है

(4) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है

**34.** 'दृढ़ आराधन' से क्या तात्पर्य है ?

(1) हठयोग (2) कठिन साधना (3) सगुण भक्ति (4) वज्रयान

**35.** यह पद्यांश किसे संबोधित है ?

(1) लक्ष्मण को (2) राम को (3) हनुमान को (4) सुग्रीव को

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**36.** 'भय' शब्द का विलोम है :

(1) अजेय

(2) निर्भय

(3) डर

(4) पराजय

**37.** निम्नलिखित में से 'शक्ति' शब्द के पर्यायवाची ***नहीं*** हैं :

(A) बल

(B) उग्र

(C) सामर्थ्य

(D) अक्षय

(E) ताकत

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (B) और (D)

(2) केवल (A) और (C)

(3) केवल (C) और (E)

(4) केवल (D) और (E)

**38.** प्रस्तुत पद्यांश में 'भल्ल-सैन्य' का संबंध है :

(1) कपिगण से

(2) सुग्रीव से

(3) भालुओं के सेना नायक जाम्बवंत से

(4) रघुनंदन से

**39.** जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे '____________' कहते हैं।

(1) क्रिया

(2) काल

(3) विशेषण

(4) वाच्य

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**40.** जिस शब्द में किसी काम का करना अथवा होना पाया जाता है, उसे ____________ कहते हैं।

(1) विशेषण

(2) कर्ता

(3) कर्म

(4) क्रिया

**41.** निम्नलिखित शब्दों में से 'आभ्यंतर' का विलोम बताइए :

(1) अभिअंतर

(2) आसक्त

(3) बहिर्मुखी

(4) बाह्य

**42.** कार्यालयी पत्र-लेखन में अधोलेख के रूप में प्रयुक्त होने वाला शब्द है :

(1) भवदीय

(2) महोदय

(3) महाशय

(4) सम्माननीय

**43.** कार्यालयी पत्र-लेखन में संबोधन के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द कौन-सा है ?

(1) प्रिय

(2) बंधुवर

(3) सेवा में

(4) मित्रवर

**44.** इनमें से कौन-सा कार्यालयी पत्र का रूप ***नहीं*** है ?

(1) कार्यालय आदेश

(2) अर्द्धशासकीय पत्र

(3) शोक पत्र

(4) अधिसूचना

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए अगले छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

दुनिया से अच्छा ग्रहण करने का अधिकार सभी देशों को है, भारत के ज्ञान-विज्ञान-चिंतन से बहुत-सी चीज़ें दुनिया ने ली हैं। दूसरी बात यह है कि संसार में जहाँ भी ज्ञान-विज्ञान-विचार जन्म लेते हैं उनमें अन्य देशों की भी ज्ञात-अज्ञात भूमिका होती है और यह आदान-प्रदान का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। आज भी पश्चिम में हो रहे नवीनतम अन्वेषणों में विभिन्न देशों की मेधा, प्रतिभा, श्रम, कौशल, धन, आदि लगे हैं। उदाहरण के लिए भारत की अनेक प्रतिभाएँ अर्से से अमेरिका और अन्य देशों में उच्चस्तरीय अन्वेषण और संगणक के क्षेत्र में सॉफ्टवेयर निर्माण में लगी हैं, क्या यह प्रकारांतर से भारतीय अवदान नहीं है ? उन्नत देशों की वस्तुएँ ऊँचे मूल्य पर खरीद कर अनेक छोटे देश उच्चतर अनुसंधान में परोक्ष आर्थिक योगदान देते हैं। इसलिए किसी भी उपलब्धि को किसी भूगोल में सीमित नहीं किया जा सकता। यह दूसरी बात है कि हमें अपनी 'आत्मनिर्भरता' लगातार बढ़ानी होगी और अपनी प्रतिभाओं को निरंतर 'प्रोत्साहित' करना होगा। आयातित प्रदूषण से बचने और अपने सांस्कृतिक उन्नयन के लिए यह अनिवार्य है।

**45.** 'उन्नत' शब्द का विलोम है :

(1) अपमान

(2) अवनत

(3) असहनशीलता

(4) अभिमान

**46.** गद्यांश में प्रयुक्त इन शब्दों के सही वर्णानुक्रम का चयन कीजिए :

(A) आयातित

(B) अधिकार

(C) आत्मनिर्भरता

(D) उदाहरण

(E) नवीनतम

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (B), (C), (A), (D), (E)

(2) (C), (D), (A), (B), (E)

(3) (D), (A), (B), (C), (E)

(4) (A), (E), (B), (D), (C)

---

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

**47.** गद्यांश के आधार पर सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** **प्रत्यय** | **सूची-II** **मूल शब्द** |
|---|---|
| (A) कार | (I) नवीनतम |
| (B) इक | (II) अधिकार |
| (C) तम | (III) आत्मनिर्भरता |
| (D) ता | (IV) आर्थिक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(2) (A) - (II), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (III)

(3) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**48.** नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* संसार में जहाँ भी ज्ञान-विज्ञान-विचार जन्म लेते हैं उनमें अन्य देशों की भी ज्ञात-अज्ञात भूमिका होती है।

*कथन II :* 'आत्मनिर्भरता' और 'प्रोत्साहन' आयातित प्रदूषण से बचने और अपने सांस्कृतिक उन्नयन के लिए अनिवार्य नहीं है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(1) कथन I और II दोनों सही हैं

(2) कथन I और II दोनों ग़लत हैं

(3) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है

(4) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है

**49.** 'अवदान' शब्द का पर्यायवाची है :

(1) अनुदान (2) अनुसंधान (3) भूमिका (4) अन्वेषण

**50.** दिए गए गद्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) ज्ञान आदान-प्रदान की चीज़ है।

(B) सॉफ्टवेयर निर्माण में भारतीय प्रतिभाएँ शामिल नहीं हैं।

(C) किसी उपलब्धि को भूगोल तक सीमित नहीं कर सकते।

(D) प्रतिभा को प्रोत्साहन की अपेक्षा नहीं।

(E) संसार में जहाँ भी ज्ञान-विज्ञान-विचार जन्म लेते हैं, उसमें अन्य देशों की भूमिका नहीं होती।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल (A) और (B)

(2) केवल (A) और (C)

(3) केवल (D) और (E)

(4) केवल (B) और (D)

**रफ़ कार्य के लिए जगह**

# रफ़ कार्य के लिए जगह

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है। यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है।

11. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है।

12. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं।

13. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ। परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है। इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा।

14. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी। परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं। यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी।

15. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ। यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है।

16. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी।

17. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।

# NATIONAL TESTING AGENCY

## CUET (UG) 2024 : Final Answer Keys

Exam Date : 16.05.2024 Subject :102 - Hindi (Hindi)

| Q.No Book : A | Key | Q.No Book : A | Key | Q.No Book : B | Key | Q.No Book : B | Key | Q.No Book : C | Key | Q.No Book : C | Key | Q.No Book : D | Key | Q.No Book : D | Key |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 46 | 3 | 1 | 3 | 46 | 3 | 1 | 1 | 46 | 1 | 1 | 3 | 46 | 4 |
| 2 | 3 | 47 | 1 | 2 | 4 | 47 | 4 | 2 | 2 | 47 | 2 | 2 | 4 | 47 | 1 |
| 3 | 2 | 48 | 3 | 3 | 3 | 48 | 2 | 3 | 3 | 48 | 3 | 3 | 4 | 48 | 3 |
| 4 | 2 | 49 | 3 | 4 | 2 | 49 | 2 | 4 | 1 | 49 | 3 | 4 | 3 | 49 | 4 |
| 5 | 1 | 50 | 4 | 5 | 1 | 50 | 4 | 5 | 3 | 50 | 2 | 5 | 1 | 50 | 3 |
| 6 | 3 | | | 6 | 3 | | | 6 | 1 | | | 6 | 3 | | |
| 7 | 3 | | | 7 | 4 | | | 7 | 3 | | | 7 | 3 | | |
| 8 | 4 | | | 8 | 3 | | | 8 | 4 | | | 8 | 2 | | |
| 9 | 4 | | | 9 | 4 | | | 9 | 4 | | | 9 | 2 | | |
| 10 | 1 | | | 10 | 3 | | | 10 | 3 | | | 10 | 2 | | |
| 11 | 3 | | | 11 | 1 | | | 11 | 3 | | | 11 | 1 | | |
| 12 | 3 | | | 12 | 3 | | | 12 | 2 | | | 12 | 3 | | |
| 13 | 2 | | | 13 | 3 | | | 13 | 1 | | | 13 | 3 | | |
| 14 | 1 | | | 14 | 4 | | | 14 | 3 | | | 14 | 4 | | |
| 15 | 2 | | | 15 | 3 | | | 15 | 4 | | | 15 | 4 | | |
| 16 | 3 | | | 16 | 2 | | | 16 | 2 | | | 16 | 1 | | |
| 17 | 3 | | | 17 | 2 | | | 17 | 2 | | | 17 | 3 | | |
| 18 | 2 | | | 18 | 2 | | | 18 | 4 | | | 18 | 3 | | |
| 19 | 1 | | | 19 | 1 | | | 19 | 3 | | | 19 | 2 | | |
| 20 | 2 | | | 20 | 3 | | | 20 | 2 | | | 20 | 1 | | |
| 21 | 3 | | | 21 | 3 | | | 21 | 3 | | | 21 | 2 | | |
| 22 | 1 | | | 22 | 4 | | | 22 | 4 | | | 22 | 3 | | |
| 23 | 3 | | | 23 | 4 | | | 23 | 1 | | | 23 | 3 | | |
| 24 | 1 | | | 24 | 1 | | | 24 | 3 | | | 24 | 2 | | |
| 25 | 3 | | | 25 | 3 | | | 25 | 4 | | | 25 | 1 | | |
| 26 | 4 | | | 26 | 3 | | | 26 | 3 | | | 26 | 2 | | |
| 27 | 4 | | | 27 | 2 | | | 27 | 4 | | | 27 | 3 | | |
| 28 | 3 | | | 28 | 1 | | | 28 | 3 | | | 28 | 1 | | |
| 29 | 3 | | | 29 | 2 | | | 29 | 1 | | | 29 | 3 | | |
| 30 | 2 | | | 30 | 3 | | | 30 | 3 | | | 30 | 1 | | |
| 31 | 1 | | | 31 | 3 | | | 31 | 3 | | | 31 | 3 | | |
| 32 | 3 | | | 32 | 2 | | | 32 | 4 | | | 32 | 4 | | |
| 33 | 4 | | | 33 | 1 | | | 33 | 3 | | | 33 | 4 | | |
| 34 | 2 | | | 34 | 2 | | | 34 | 2 | | | 34 | 3 | | |
| 35 | 2 | | | 35 | 3 | | | 35 | 2 | | | 35 | 3 | | |
| 36 | 4 | | | 36 | 1 | | | 36 | 2 | | | 36 | 2 | | |
| 37 | 3 | | | 37 | 3 | | | 37 | 1 | | | 37 | 1 | | |
| 38 | 2 | | | 38 | 1 | | | 38 | 3 | | | 38 | 3 | | |
| 39 | 3 | | | 39 | 3 | | | 39 | 3 | | | 39 | 4 | | |
| 40 | 4 | | | 40 | 4 | | | 40 | 4 | | | 40 | 2 | | |
| 41 | 1 | | | 41 | 4 | | | 41 | 4 | | | 41 | 2 | | |
| 42 | 3 | | | 42 | 3 | | | 42 | 1 | | | 42 | 4 | | |
| 43 | 4 | | | 43 | 3 | | | 43 | 3 | | | 43 | 3 | | |
| 44 | 3 | | | 44 | 2 | | | 44 | 3 | | | 44 | 2 | | |
| 45 | 4 | | | 45 | 1 | | | 45 | 2 | | | 45 | 3 | | |